तैयारी | अगले 50 साल के विजन को लेकर शुरू किया गया काम

नोएडा की तर्ज पर बनेगा क्रीडा, कानपुर के आसपास सात जिलों तक होगा विस्तार

कानपुर। महानगर का समग्र विकास करने के लिए नोएडा की तर्ज पर कानपुर रीजन इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट अथॉरिटी (क्रीडा) बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन की ओर से इस पर सहमति भी जताई गई है।

इसके तहत आसपास के जिलों फतेहपुर, हमीरपुर, जालौन, कानपुर देहात, कन्नौज, औरैया, उन्नाव की सीमा तक इसका विस्तार किया जाएगा। परियोजना के तहत कानपुर नगर और कानपुर देहात दोनों जिले एक ही परिधि में आ जाएंगे।

शनिवार को इस संबंध में मंडलायुक्त विजयेंद्र पांडियन ने केडीए वीसी, समन्वय नीरज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों के साथ पहली बैठक की। बताया गया कि मुख्य नगर नियोजक (सीटीपी) की ओर से जो रिपोर्ट तैयार की गई है, उसके तहत क्रीडा का क्षेत्र कन्नौज के अरौल, जालौन की सीमा कालपी रोड, हमीरपुर जिले से सटे घाटमपुर से आगे यमुना नदी के आगे तक होगा।

22 जनवरी को दूसरी बैठक होगी, जिसमें महानगर के विकास के साथ क्रीडा के कार्यों के संदर्भ में चर्चा होगी। इसमें सीएम के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी भी शामिल होंगे। इससे पहले 20 जनवरी को इस पूरे क्षेत्र का रिमोट सेंसिंग सर्वे के लिए अधिकारियों संग बैठक होगी। ब्यूरो

ऐसा होगा विकास

इस पूरे क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों के अलावा अस्पताल, शिक्षण संस्थान, मनोरंजन, हवाई यात्रा, रेल यात्रा, कारोबार और आवास का निर्माण किया जाएगा।

केडीए का सीमा क्षेत्र घनी आबादी वाला हो चुका है। क्रीडा के माध्यम से कानपुर से सटे जिलों तक समग्र विकास होगा, जिससे अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। जल्द ही इस पूरे परिक्षेत्र का रिमोट सेंसिंग सर्वे कराया जाएगा। जिससे यह पता चल सके कि क्रीडा के तहत कितना क्षेत्र आ रहा है। उसके हिसाब से ही विकास कार्यों की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

–विजयेंद्र पांडियन, मंडलायुक्त कानपुर